हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 5 अप्रैल 2024, समय 1305 (5 मिनट))

लोकसभा चुनाव के लिए जारी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी)-CPI(M) के घोषणापत्र में अति-धनवानों पर कर लगाने, सामान्य संपत्ति कर और पैतृक संपत्ति कर कानून बनाने के साथ-साथ निजी क्षेत्र में आरक्षण, चुनावों के लिए सरकारी धन की उपलब्धता और राजनीतिक दलों को कॉर्पोरेट चंदे पर प्रतिबंध लगाने जैसे मुद्‌दे शामिल हैं।

घोषणापत्र में, सीपीआई(एम) ने यह भी कहा कि वह काम करने के अधिकार को संवैधानिक अधिकार के रूप में शामिल करने के लिए प्रतिबद्‌ध है। पार्टी ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और धन शोधन रोकथाम अधिनियम को खत्म करने का भी वादा किया।

पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी और पोलित ब्यूरो सदस्य प्रकाश करात, वृंदा करात, नीलोत्पल बसु और तपन सेन ने कल नई दिल्ली में घोषणापत्र जारी किया। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री येचुरी ने कहा, पार्टी देश में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को और मज़बूत करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ बीजेपी और उसके सहयोगियों को हराने का आग्रह किया ताकि केंद्र में एक वैकल्पिक सरकार बन सके।

....

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित, पंजाब विश्वविद्‌यालय के ललित कला संग्रहालय की गैलरी में आयोजित 10वीं वार्षिक महिला कलाकार प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करने के उपरांत, राज्यपाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वविद्‌यालय की कुलपति प्रो. रेणु विग भी मौजूद रही। श्री पुरोहित ने सभी प्रतिभागियों और पुरस्कार पाने वालों को बधाई देते हुए ''आर्टस स्केप्स'' की महिला कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने के लिए किए गए

प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि आर्ट स्केप्स महिलाओं की रचनात्मक को इस प्रदर्शनी के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर ले जा रहा है।

....

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार परीक्षा आकलन और मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन किया है। इस नई पहल में सक्षमता आधारित प्रश्न अधिक होंगे जबकि अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न कम संख्या में होंगे।

संशोधित दिशानिर्देश के अनुसार ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न, स्थिति आधारित या अन्य प्रकार के प्रश्न 40 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिये गये हैं। दूसरी ओर लघु उत्तर और दीर्घ उत्तर प्रश्नों सहित अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न 2024-25 सत्र की परीक्षाओं में चालीस प्रतिशत से घटाकर तीस प्रतिशत कर दिये गये हैं।

....

हरियाणा पुलिस ने बेटियों की शादी में कन्यादान के नाम पर लोगों को ठगने और पैसे ऐंठने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बुबलहेड़ी निवासी मौलाना अरशद और पलवल ज़िला निवासी राशिद के तौर पर हुई है।

उन्होंने कन्यादान के नाम पर 1400 लोगों से करीब 14 करोड़ रुपये की ठगी की है। जांच में पता चला है कि आरोपियों ने अलग-अलग पैकेज का इस्तेमाल कर अपने घोटाले को अंजाम दिया और पीड़ितों को एक लाख रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक के विवाह पैकेज का लालच दिया। इन पैकेजों में कथित तौर पर एक मोटरसाइकिल, शादी का पूरा सामान और कन्यादान की रस्म के तौर पर 21 हज़ार रुपये की नकद शामिल थी।

पुलिस ने बताया कि, "नगीना तहसील के नांगल शाहपुर निवासी जुबैदा ने इस वर्ष पहली अप्रैल को ही ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने साथियों की मदद से करीब 1400 पीड़ितों से उनकी बेटियों की शादी के लिए कन्यादान की व्यवस्था करने के नाम पर 14 करोड़ रुपये ठगने की बात कबूल की है। इसके बाद दो

....

पानीपत में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है।

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर शराब की अवैध तस्करी को रोकने के लिए 15 टीमों का गठन किया गया है। ज़िले में अलग-अलग स्थान पर व उत्तरप्रदेश के साथ लगती सीमा के क्षेत्र में नाके लगाकर वाहनों की तलाशी ली रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को कह दिया गया है कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

....

कैथल की अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी सी. जया श्रद्‌घा ने सभी नागरिकों से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि चुनाव में एक-एक वोट की कीमत होती है। लोकतंत्र को ओर अधिक मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है।

अतिरिक्त उपायुक्त गांव टीक के नजदीक चल रहे महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्‌यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान एवं रक्तदान शिविर में विद्‌यार्थियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने इस वर्ष पहली जनवरी को 18 वर्ष की आयु पार कर चुके सभी युवक युवतियों से अपना वोट बनवाने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने विद्‌यार्थियों को मतदान जागरूकता शपथ दिलाकर मतदान के प्रति प्रेरित एवं जागरूक किया।

उन्होंने बताया कहा कि स्वीप गतिविधियां आगामी 25 मई तक चलेंगी। उन्होंने कहा कि युवतियों में बनी यह धारणा बिल्कुल गलत है कि वे शादी के बाद ही वोट बनवाएंगी, जबकि वोट आसानी से स्थानांतरित हो जाता है। इस मौके पर विश्वविद्‌यालय के कुलपति प्रो. रमेश चंद्र भारद्‌वाज, सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला, एवं अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।